Rapid Fire करेंट अफेयर्स (20 September)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-august-20-1

- 20 सितंबर को चंडीगढ़ में **उत्तरी क्षेत्रीय परिषद** की 29वीं बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, केंद्रशासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर और लद्दाख तथा दिल्ली की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकार आते हैं। परिषद की बैठक में आने वाले केंद्र तथा राज्यों और एक या अनेक राज्यों के विषयों पर विचार किया जाता है। क्षेत्रीय परिषद व्यापक विषयों पर विचार करती है, जिनमें सीमा संबंधी विवाद, सुरक्षा तथा सड़क परिवहन, उद्योग, जल तथा विद्युत जैसे ढाँचागत विषय आते है। परिषद में वन तथा पर्यावरण, आवास, शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, पर्यटन और परिवहन के विषयों पर भी विचार किया जाता है। इस प्रकार क्षेत्रीय परिषद केंद्र तथा राज्यों और क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्यों के बीच विवादों के समाधान के लिये मंच प्रदान करती है। गौरतलब है कि पाँच क्षेत्रीय परिषदों का गठन वर्ष 1957 में **राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के खंड 15-22** के अंतर्गत किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री इन सभी क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष होते हैं।
- **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी** (International Atomic Energy Agency-IAEA) के 63वें महाधिवेशन का आयोजन 16 से 20 सितंबर तक वियना इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। IAEA के 171 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। सम्मेलन में पश्चिम एशिया में IAEA के सुरक्षा मानकों, उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम के अलावा एजेंसी की तकनीकी सहयोग की गतिविधियों को मज़बूती प्रदान करने पर चर्चा की गई। परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के सचिव और परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. के.एन. व्यास ने ने इस महाधिवेशन में भारत की विएना में में शुरुआत की गई। इसके आधार पर **नेशनल कैंसर ग्रिड (NCG)** की स्थापना हुई और टाटा मेमोरियल सेंटर ने इसका प्रबंधन किया। इसमें भारत से 183 हितधारक हैं और इसे कैंसर अस्पतालों और विदेशों के अन्य संबंधित संस्थानों के लिये खोला गया है। एनसीजी का उद्देश्य कैंसर के इलाज में असमानता को दूर करना है।
- घटते जल संसाधनों और जल संरक्षण की आवश्यकता, और जल संसाधनों के निरंतर और न्यायसंगत इस्तेमाल के बारे में आम जनता को व्यापक रूप से जागरूक करने के लिये जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन विभाग ने **राष्ट्रीय जल संग्रहालय** विकसित करने की पहल की है। जल संसाधन विभागने नई दिल्ली में 19-20 सितंबर को एक **अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला** का आयोजन किया। जल संग्रहालय विकसित करने में योगदान देने वाले भारत और विदेश के जाने-माने विशेषज्ञों ने इसमें हिस्सा लिया। विश्व में इस तरह की पहल करने वाले एक प्रमुख संगठन ग्लोबल नेटवर्क ऑफ वाटर म्यूज़ियम के कार्यकारी निदेशक और सह-संस्थापक एरीबर्टो यूलिसने भी इसमें शिरकत की। कार्यशाला में संग्रहालय की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई, जिसमें जल के महत्त्व और देश के विभिन्न भागों में उसकी स्थिति, संभावित समाधान, परंपरागत और आधुनिक जल प्रबंधन कार्य प्रणाली तथा सफलता की स्थानीय गाथाएँ आदि शामिल थीं। विदित हो कि पानी के निरंतर इस्तेमाल के लिये सभी साझेदारों और आम जनता के व्यवहार में बदलाव लाने के लिये जलशक्ति मंत्रालय द्वारा की गई अनेक पहलों में से यह एक पहल है।
- भारत सरकार ने वायु सेना के उपप्रमुख एयर मार्शल **आर.के.एस. भदौरिया** को वायु सेना का प्रमुख यानी **एयर चीफ मार्शल** नियुक्त करने का फैसला किया है। उनकी नियुक्ति एयर चीफ मार्शल बी.एस. धनोआ की सेवानिवृत्ति के बाद प्रभावी होगी जो 30 सितंबर, 2019 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। एयर मार्शल आर.के.एस. भदौरिया ने जून 1980 में

भारतीय वायु सेना के फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था और वह विभिन्न कमान, स्टाफ और इंस्ट्रक्शनल पदों पर रहे हैं। वह भारत को फ्राँस से जल्द ही मिलने वाले राफेल युद्धक विमान को भी उड़ा चुके हैं।